॥ श्रीः ॥

विद्या भवन संस्कृत ग्रन्थमाला

१२

महाकवि श्रीराजशेखरविरचिता

कर्पूरमञ्जरी

'मकरन्द' संस्कृतहिन्दीव्याख्यया, हिन्दीरूपान्तरेण,
परीक्षोपयोगिविविधपरिशिष्टैश्च संवलिता

सम्पादकः
व्याकरणाचार्य—
श्री रामकुमार आचार्यः, एम. ए.
(संस्कृतप्राध्यापक, सनातनधर्मप्रकाशक कालेज, ब्यावर, अजमेर)

चौखम्बा विद्या भवन, चौक, बनारस-१

सं० २०१२] [ई० १९५५

प्रस्तावना

कथासार

प्रथम जवनिकान्तर

प्रस्तावना के बाद राजा चन्द्रपाल, रानी विभ्रमलेखा, विदूषक और अन्य सेवक रङ्गमञ्च पर आते हैं। राजा और रानी आपस में वसन्तोत्सव तथा मलयानिल का वर्णन करते हैं। इसी अवसर पर विदूषक और विचक्षणा में अपनी २ वसन्तवर्णन करने की योग्यता पर कुछ झगड़ा हो जाता है। विदूषक नाराज होकर चला जाता है। रानी उसको बुलाने की चेष्टा करती है लेकिन विचक्षणा के कहने से रुक जाती है। फिर भैरवानन्द नामक एक अद्भुत सिद्ध योगी को साथ लिए विदूषक आता है। राजा योगी से कोई आश्चर्य दिखाने का अनुरोध करता है। विदूषक की सलाह से विदर्भ नगर की राजकुमारी को भैरवानन्द अपनी योगशक्ति से सबके सामने ला दिखाता है। राजा उसके अनुपम सौन्दर्य पर मुग्ध हो जाता है और उससे प्रेम करने लगता है। यह राजकुमारी कर्पूरमञ्जरी रानी विभ्रमलेखा की मौसी शशिप्रभा और मौसा वल्लभराज की पुत्री है। इसलिए रानी भी बड़ी प्रसन्न होती और भैरवानन्द से कहती है कि कर्पूरमञ्जरी कुछ दिनों के लिए मेरे पास ही रखी जाय। भैरवानन्द इस बात को स्वीकार कर लेता है।

द्वितीय जवनिकान्तर

राजा कर्पूरमञ्जरी की याद में विह्वल है और उसके सौन्दर्य की बार बार प्रशंसा करता है। इसी अवसर पर विदूषक और विचक्षणा आ जाते हैं। विचक्षणा राजा को कर्पूरमञ्जरी द्वारा लिखा हुआ एक केतकी पत्रलेख देती है तथा स्वयं मुख से भी राजा के वियोग में कर्पूरमञ्जरी की दीनदशा का वर्णन करती है एवं विदूषक भी विचक्षणा के सामने कर्पूरमञ्जरी के वियोग में राजा की दीनावस्था का वर्णन करता है। फिर राजा के द्वारा यह पूछे जाने पर कि रानी ने कर्पूमरञ्जरी का किस किस तरह श्रृङ्गार किया, विचक्षणा उसके प्रत्येक श्रृङ्गार का वर्णन करती है।

अनन्तर राजा और विदूषक आपस में कर्पूरमञ्जरी की शोभा का वर्णन करते है। विदूषक द्वारा यह सूचित किए जाने पर कि 'हिन्दोलन चतुर्थी के अवसर पर आज महारानी गौरीपूजा के बाद कर्पूरमञ्जरी को झूले पर झुलायेंगी और मरकतकुंज में बैठकर महाराज कर्पूरमञ्जरी को झूलता हुआ देख सकते हैं', राजा और विदूषक दोनों कदलीगृह में चले जाते है और कर्पूरमञ्जरी को झूले में झूलता हुआ देखते हैं। एकाएक कर्पूरमञ्जरी झूले पर से उतर पड़ती है। राजा फिर उसकी याद करता रहता है। दोनों मरकत कुञ्ज में बैठे रहते है। इसी अवसर पर शिशिरोपचार का सामान लिए विचक्षणा उधर से निकलती है। विदूषक और विचक्षणा में कुछ वार्तालाप होता है। विचक्षणा कहती है कि महारानी ने कुरवक, तिलक और अशोक यह तीन वृक्ष लगाए हैं और कर्पूरमञ्जरी से उनका दोहद (दे. पृ. १०३) करने के लिए कहा है। महाराज मरकत कुंज से कर्पूरमञ्जरी को देख सकते है। तमाल वृक्ष की आड़ में छिपा हुआ राजा कर्पूरमञ्जरी को देखता है। कर्पूरमञ्जरी कुरवक वृक्ष का आलिंगन करती है, तिलक वृक्ष को तिरछी निगाहों से देखती है और अशोक वृक्ष पर पादप्रहार करती है। विदूषक और राजा इस दृश्य को बड़े प्रेम से देखते है। संध्याकाल हो जाने पर सब चले जाते है।

तृतीय जवनिकान्तर

राजा और विदूषक रङ्गमञ्च पर आते हैं। राजा कर्पूरमञ्जरी के ही ध्यान में मग्न है। विदूषक द्वारा पूछे जाने पर राजा उसे अपना स्वप्न बताता है कि कर्पूरमञ्जरी स्वप्न में उसकी शय्या पर आई लेकिन ज्यों ही उसने कर्पूरमञ्जरी को हाथ से पकड़ना चाहा वह हाथ छुड़ाकर भाग गई और उसकी निद्रा भी भंग हो गई। इसके बाद विदूषक अपना स्वप्न बताता है कि वह गंगाजी में सो गया है और मेघों ने उसे निगल लिया। फिर मेघ के गर्भ में छिपा हुआ वह ताम्रपर्णी नदी से मिले हुए समुद्र में गया। वहां वह मेघ बड़ी बड़ी बूंदों से बरसने लगा और समुद्र की सीपियों ने उसे पी लिया। वहां वह पचास घुंघची भर का (असली) मोती बनकर सीपियों के गर्भ में रहा। फिर समय आने पर वे सीपियां समुद्र से निकालकर फोड़ी गई और उनमें से मोती निकाले गए। एक सेठ ने उन मोतियों को मोल लिया और उनमें छेद कराया। इससे उसे कुछ वेदना हुई। फिर उस सेठ ने उन मोतियों का एक हार बनवाकर पाञ्चाल देश के राजा के हाथ बेंच दिया।

राजा ने वह हार अपनी रानी को पहिनाया। फिर जब चांदनी रात में राजा ने रानी को प्रगाढालिंगन किया तब वह स्तनों के नीचे दब जाने से जग गया।

विदूषक के अपना स्वप्न बताने के बाद राजा और विदूषक में प्रेम, यौवन और सौन्दर्य पर बातचीत चली। इस अवसर पर नेपथ्य से कर्पूरमञ्जरी और कुरंगिका की बातचीत द्वारा पता चलता है कि कर्पूरमञ्जरी भी राजा के वियोग में व्याकुल है। इधर से राजा और विदूषक आगे बढ़ते हैं उधर से कर्पूरमञ्जरी और कुरंगिका आती है। कर्पूरमञ्जरी और राजा एक दूसरे को देखकर स्तब्ध रह जाते हैं। राजा कर्पूरमञ्जरी का हस्तस्पर्श करता है। विदूषक कर्पूरमञ्जरी को पसीने में भींगा हुआ देख वस्त्र से हवा करता है। संयोग से दीपक बुझ जाता है। इस पर सब लोग सुरंग के रास्ते से ही प्रमदोद्यान में चले जाते हैं। राजा कर्पूरमञ्जरी का इस अवसर पर आलिंगन कर लेता है। इधर वैतालिक चन्द्रोदय की सूचना देते हैं। उधर रानी को कर्पूरमञ्जरी के राजा से मिलने का वृत्तान्त मालूम हो जाता है। इसलिये घबराकर कर्पूरमञ्जरी सुरंग के ही रास्ते से अपने रक्षागृह में चली जाती है।

चतुर्थ जवनिकान्तर

राजा और विदूषक आपस में ग्रीष्म की प्रखरता पर वार्तालाप करते हैं। राजा अब भी कामावेश में मालूम पड़ता है। इधर रानी ने कर्पूरमञ्जरी को बड़े कठोर नियन्त्रण में रख दिया है। हर तरफ पहरेदार लगा दिए हैं। इस अवसर पर रानी की ओर से सारंगिका महाराज को केलिविमान प्रासाद पर चढ़कर वटसावित्री महोत्सव देखने का निमन्त्रण दे जाती है। राजा और विदूषक वहां जाते हैं। वहां पर सारंगिका रानी की ओर से राजा के पास संदेश लाती है कि आज सायंकाल राजा का विवाह होगा। राजा सारंगिका से सारी कथा विस्तार से पूछते हैं। सारंगिका कहती है कि रानी ने गौरी की प्रतिमा बनवा कर भैरवानन्द से उसमें प्राणप्रतिष्ठा कराई और स्वयं उनसे दीक्षा ली। रानी ने योगीश्वर भैरवानन्द से जब गुरुदक्षिणा के लिए बड़ा आग्रह किया तो उन्होंने यह कहा कि यह दक्षिणा महाराज को दो। लाटदेश के राजा चण्डसेन की पुत्री घनसारमञ्जरी का राजा से विवाह करा दो। ज्योतिषियों ने उसको चक्रवर्ती राजा की रानी होना लिखा है। इस तरह महाराज भी चक्रवर्ती हो जांयगे और मुझे भी दक्षिणा मिल

जायगी। बस यह बात है। इसलिए ही रानी ने मुझे आपके पास भेजा है। रानी घनसारमञ्जरी को कर्पूरमञ्जरी से भिन्न कोई दूसरी ही स्त्री समझती थी। इस तरह राजा का घनसारमञ्जरी से विवाह हो जाता है। यह घनसारमञ्जरी कर्पूरमञ्जरी ही है। रानी को यह बात मालूम न थी। अन्त में भेद खुल जाता है।

पात्रों और रस का विवेचन

इस नाटक का नायक राजा चन्द्रपाल है। नाट्यशास्त्र के नियमों के अनुसार इसको धीरललित कहना चाहिए। दशरूपक में धीरललित नायक को निश्चिन्त, कलासक्त, सुखी और मृदुस्वभाव का बतलाया गया है[1]। राजा चन्द्रपाल में यह सब गुण प्रचुरता से पाये जाते है। इसे राज्य की कोई विशेष चिन्ता नहीं है। संगीतकला से भी इसे रुचि है और कोमल प्रवृत्ति का तो यह है ही। कर्पूरमञ्जरी को देख कर एकदम यह उसके सौन्दर्य पर मुग्ध हो जाता है और उससे प्रेम करने लगता है। कर्पूरमञ्जरी के वियोग को लेशमात्र भी नहीं सह सकता है उसी के ध्यान में मग्न रहता है।

इस नाटक की नायिका कर्पूरमञ्जरी है। यह अपूर्व सुन्दरी है और कुन्तलदेश के राजा की पुत्री है। भैरवानन्द इसे अपनी योगशक्ति से राजा के प्रासाद में ला उपस्थित करता है। राजा को देखकर यह भी राजा से प्रेम करने लगती है लेकिन अपने भावों को प्रकट नहीं होने देती। इसे मुग्धा नायिका कह सकते हैं। रानी विभ्रमलेखा से यह और राजा चन्द्रपाल भी डरते है, लेकिन छिप छिप कर दोनों एक दूसरे से प्रेम करते है। अन्त में महारानी की इच्छा से कर्पूरमञ्जरी का विवाह राजा से हो जाता है।

रानी विभ्रमलेखा का भी चरित्र बड़ा सराहनीय है। राजा चन्द्रपाल को चक्रवर्ती का पद प्राप्त कराने के लिए वे घनसारमञ्जरी से उनका विवाह कराने को तैयार हो जाती हैं। जैसा कि नाट्यशास्त्र का नियम है कि महारानी को प्रगल्भ, राजवंश की, गम्भीर और मानिनी होनी चाहिए। यह सब बातें रानी विभ्रमलेखा में पाई जाती हैं। यह आदर्श पत्नी है क्योंकि पारिवारिक उत्सवों में राजा चन्द्रपाल को सर्वदा निमन्त्रित करती हैं।

यह नाटक शृङ्गाररस प्रधान है। प्रारम्भ से अन्त तक शृङ्गार और प्रेम का ही वातावरण इसमें पाया जाता है। सर्वप्रथम राजा और रानी वसन्तवर्णन करते हैं। फिर

---

१. देखें डा॰ भोलाशंकर व्यास का 'हिन्दी दशरूपक'।

कर्पूरमञ्जरी के सौन्दर्य का वर्णन पाठकों के हृदय को बड़ा प्रफुल्लित करने वाला है। यथाः—

मन्ये मध्यं त्रिवलिवलितं डिम्भमुष्ट्या ग्राह्यं
नो बाहुभ्यां रमणफलकं वेष्टितुं याति द्वाभ्याम्।
नेत्रक्षेत्रं तरुणीप्रसृतिद्वीयमानोपमानं
तत् प्रत्यक्षं मम विलिखितुं यात्येषा न चित्ते॥ (पृ. ४४)

तथा रमणविस्तरो यथा न तिष्ठति काञ्चीलता
तथा च स्तनतुंगिमा यथा नैति नाभिं मुखम्।
तथा नयनबंहिमा यथा न किमपि कर्णोत्पलं
तथा च मुखमुज्ज्वलं द्विशशिनी यथा पूर्णिमा॥ (पृ. ४८)

इस तरह के सौन्दर्यपरक बहुत से उदाहरण दिए जा सकते हैं। प्रेम के सम्बन्ध में बहुत ही सुन्दर विश्लेषण किया गया है। विदूषक राजा से पूछता है कि यह प्रेम क्या है? राजा उत्तर देता है कि एक दूसरे से मिले हुए स्त्री-पुरुषों का कामदेव की आज्ञा से उत्पन्न हुआ भाव प्रेम कहलाता है। इसी भाव को विशिष्ट रूप से निम्नलिखित श्लोक में व्यक्त किया गया हैः—

यस्मिन् विकल्पघटनाविकलङ्कमुक्तः, आत्मनः सरलत्वमेति भावः।
एकैकस्य प्रसरद्रसप्रवाहः, शृङ्गारवर्द्धितमनोभवदत्तसारः॥ (पृ. १२६)

इसी प्रकार यौवन के सम्बन्ध में भी बहुत सुन्दर लिखा हैः—

नूनं द्वाविह प्रजापती जगति यौ देहनिर्माणयौवनदानदक्षौ।
एको घटयति प्रथमं कुमारीणामङ्गमुत्कीर्य्य प्रकटयति पुनर्द्वितीयः॥ (पृ. १३३)

इस तरह इस नाटक में शृङ्गार और प्रेम का अविच्छिन्न प्रवाह है।

नाटक की भाषा

यह नाटक शौरसेनी प्राकृत में लिखा गया है। चूंकि सारा का सारा नाटक प्राकृत में है इसलिए संस्कृत नाट्यसाहित्य में इसका स्थान विशेषतः उल्लेखनीय है। भरत के नाट्यशास्त्र में किसी नाटक के पूर्णतया प्राकृत में ही लिखे जाने का कहीं भी समर्थन नहीं है, न राजशेखर से दो पीढ़ी परवर्ती धनञ्जय के दशरूपक में ही सट्टक या ऐसे ही किसी केवल प्राकृत में ही लिखे जाने वाले नाटक का उल्लेख मिलता है। इससे यह निष्कर्ष

निकलता है कि राजशेखर की यह निजी कल्पना थी कि पूरा नाटक प्राकृत में ही लिखा जाय।

अब प्रश्न यह उठता है कि राजशेखर ने यह नवीन बात क्यों की। कर्पूरमञ्जरी के अतिरिक्त उसने तीन या चार और भी नाटक लिखे, लेकिन उन सब में उन्होंने भाषा के सम्बन्ध में नाट्यशास्त्र के नियमों का अनुसरण किया है। अपनी इस स्थिति को स्पष्ट करने के लिए ही राजशेखर ने सूत्रधार से यह प्रश्न कराया है कि संस्कृत को छोड़कर प्राकृत में यह नाटक क्यों लिखा गया। पारिपार्श्विक उत्तर देता है कि अर्थविशेष को कविता कहते हैं, भाषा कोई भी क्यों न हो। इस तरह राजशेखर ने वास्तव उत्तर को छिपाने की चेष्टा की है। अगर यह कहा जाय कि अपने सर्वभाषा चातुर्य को दिखलाने के लिए उन्होंने ऐसा किया, तो भी ठीक नहीं, क्योंकि अगर वे अपना सर्वभाषा चातुर्य दिखलाते तो केवल प्राकृत में ही रचना क्यों करते।

इस नवीन उद्भावना के पीछे वास्तव कारण यही हो सकता है कि नाट्यसाहित्य के क्षेत्र में लेखक एक प्रयोग करना चाहता था। लेखक की पत्नी अवन्तिसुन्दरी ने भी इसमें सहयोग दिया और उसके कहने से यह नाटक खेला गया था। आगे चल कर यह नाटक बड़ा लोकप्रिय सिद्ध हुआ और दूर दूर तक इसका अभिनय किया गया।

इस नाटक की लोकप्रियता के दो कारण थे—एक तो इसमें नृत्य का समावेश तथा झूले के दृश्य की योजना, दूसरा इसका ऐकान्तिक रूप से प्राकृत में लिखा जाना। नाटक के रचना काल में संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत जनता के लिए अति सुगम थी। राजशेखर के समय (९०० ई०) में लोग अपभ्रंश भाषा बोलने लगे थे और संस्कृत गद्य या पद्य का समझना लोगों के लिए कुछ दुष्कर सा हो चला था। इसलिए अपभ्रंश भाषा बोलने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर लेखक ने शौरसेनी प्राकृत में यह नाटक लिखा। अतः यह निश्चित सा है कि संस्कृत के नाटकों—जिनमें प्राकृत को गौण स्थान प्राप्त था-की अपेक्षा केवल प्राकृत में लिखा गया यह कर्पूरमञ्जरी लोगों को बड़ा रुचिकर प्रतीत हुआ।

साहित्यिक विशेषता

यद्यपि यह नाटक केवल प्राकृत में ही लिखा गया है, फिर भी दृश्यकाव्य की विशेषतायें इसमें कम नहीं हैं। जैसा कि नाटक के मंगलाचरण में कहा गया है, इस नाटक में वैदर्भी, मागधी तथा पाञ्चाली ये तीनों रीतियाँ पाई जाती हैं। इन तीनों रीतियों के उचित

मिश्रण से इस नाटक में एक अद्वितीय सौन्दर्य, जो उत्तर कालीन नाटकों में साधारणतया कम पाया जाता है, आगया है। शार्दूलविक्रीडित, वसन्ततिलका और स्रग्धरा जैसे जटिल तथा अन्य छन्दों के प्रयोग से इस नाटक में कोमलता तथा ओजगुण यथास्थान पाये जाते हैं। कालिदास के मालविकाग्निमित्र तथा श्रीहर्ष की रत्नावली को इस नाटक के वस्तुविधान में अधिक सहायता ली गई है, फिर भी भाषा और चरित्रचित्रण में राजशेखर ने विलक्षण प्रतिभा और चातुर्य का परिचय दिया है। तृतीय जवनिकान्तर में नायिका कर्पूरमञ्जरी द्वारा रचित चन्द्रवर्णन पर राजा कहता है—**'अहो! कर्पूरमञ्जर्या अभिनवार्थदर्शनम्, रमणीयः, शब्दः, उक्तिविचित्रता, रसनिष्यन्दश्च।'** (पृ. १५०) यह कथन पूर्णरूप से कर्पूरमञ्जरी नाटक पर भी लागू हो सकता है। इसके एक एक श्लोक शृङ्गार के स्रोत के समान है।

ऐतिहासिक महत्त्व

यूरोपीय विद्वान् कोनो लिखते हैं—'भारतीय नाटकों के ऐतिहासिक अध्ययन के लिए भी कर्पूरमञ्जरी एक आवश्यक ग्रन्थ है। प्राचीन काल में संस्कृत नाटकों में स्थापक और सूत्रधार दोनों ही पाये जाते थे। कर्पूरमञ्जरी में भी स्थापक पाया जाता है।' लेकिन कोनो महाशय का यह कथन बिल्कुल निराधार है, क्योंकि किसी भी अच्छी हस्तलिखित प्रति में स्थापक का उल्लेख नहीं मिलता। पिशेल महाशय के कठपुतली के नाटक से भारतीय नाटकों के विकास के सिद्धान्त को प्रो० कोनो समर्थन देना चाहते थे। कीथ महाशय भी इस सिद्धान्त को संगत नहीं समझते हैं। यहाँ पर पिशेल महाशय के सिद्धान्त की सत्यता का प्रश्न नहीं है। फिर भी इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि कर्पूरमञ्जरी से इस सिद्धान्त की पुष्टि में कुछ भी सहायता नहीं मिलती।

भारतीय नाटकों के उद्गम तथा विकास के अध्ययन में कर्पूरमञ्जरी से यद्यपि कुछ भी सहायता नहीं मिलती, फिर भी नाटकों के स्वरूप और परवर्ती इतिहास से सम्बन्ध रखने वाली कई बातों पर इससे कुछ प्रकाश अवश्य पड़ता है। नाटक के प्रारम्भ में प्रस्तावना में कुशीलवों की विविध चेष्टाओं का विस्तृत वर्णन तथा ध्रुवा गीत का उल्लेख मिलता है। प्रस्तावना में तत्कालीन विभिन्न वाद्ययन्त्रों का भी उल्लेख है। चतुर्थ जवनिकान्तर में आए हुए नृत्य के दृश्य से यह भी निश्चित हो जाता है कि भारतीय नाटकों में नृत्य का भी उपयोग किया जाता था।

भारतवर्ष के धार्मिक इतिहास के अध्ययन में भी कर्पूरमञ्जरी कुछ सहायता करती है। तन्त्र सम्प्रदाय की शिक्षाओं के सम्बन्ध में इस नाटक में कुछ कहा गया है। भैरवानन्द जिसको कि कोनो और लान्मैन् ने भूल से एक जादूगर समझ लिया है, वस्तुतः ,वह तन्त्रसम्प्रदाय का एक सिद्धपुरुष है।

पहले लोगों का ऐसा विचार था कि जो व्यक्ति तान्त्रिक सम्प्रदाय के द्वारा निर्धारित ढंग से कुछ अभ्यास करता है, उसकी आध्यात्मिक उन्नति तो होती ही है, किन्तु उसे कुछ गुह्य शक्तियाँ भी प्राप्त हो जाती हैं, जिनसे कि वह आश्चर्यजनक कार्य कर सकता है। जो कोई व्यक्ति इस तरह के अद्भुत कार्य कर सकता था, वह सिद्ध पुरुष कहलाता था। इसी तरह भैरवानन्द भी एक साधारण जादूगर नहीं, बल्कि भारतीयों के साधारण विश्वास के अनुसार एक ऐसा ही सिद्ध पुरुष है जो न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से ही श्रेष्ठ है वल्कि जिसे कुछ गुह्य शक्तियाँ भी प्राप्त हैं। प्रथम वह एक धार्मिक शिक्षक है, फिर प्रासङ्गिक रूप से अद्भुत कार्यों का करने वाला। महाशय कोनो और लान्मैन ने भैरवानन्द के चरित्र को बिल्कुल ही गलत समझा है क्योंकि राजशेखर इस तान्त्रिक सिद्धपुरुष को कोरा जादूगर और अशिक्षित हकीम जैसा कहीं भी नहीं चित्रित करता है। अन्तिम जवनिकान्तर में महारानी विभ्रमलेखा भैरवानन्द को अपना आध्यात्मिक गुरु बनाती है। यदि भैरवानन्द केवल जादूगर ही होता, तो महारानी का उसको अपना गुरु बनाना अनुचित ही रहता। प्रथम जवनिकान्तर में भैरवानन्द के कथन को साधारण पाठक बिल्कुल अनुचित ही समझेंगे। लेकिन उसके शब्दों का दुहरा अर्थ है। भैरवानन्द नाटक में सुरापिये हुए आता है और कुछ ऐसी बातें कहता है जो प्रत्यक्ष रूप से अश्लील और अनैतिक मालूम पड़ती हैं। लेकिन यह उसके केवल कहने का ढंग है। उसके शब्दों का गूढ़ अभिप्राय निम्नलिखित अनुवाद से स्पष्ट हो जाता है:[1]—

'मैं न कोई मन्त्र जानता हूँ न कोई तन्त्र और न मैंने कुछ ज्ञान या ध्यान किया है। यह सब गुरु के प्रसाद का फल है। मैं मद्य पीता हूँ, (अपनी) स्त्री के साथ रमण करता हूँ और कुलमार्ग के अनुसार मोक्ष प्राप्त करूंगा।

विधवा या चाण्डाल स्त्री को मैं धर्मानुकूल अपनी पत्नी समझता हूँ। सुरा पीता हूँ

---

१ दे. मूल पृष्ठ ३५–३६।

और मांस खाता हूं। भिक्षा मेरा भोजन है और पशुचम मेरा बिस्तर है। कौलधर्म के ये ढंग किसको अच्छे नहीं लगते ?

ब्रह्मा, विष्णु आदि देवता कहते हैं कि ध्यान, वेदपाठ और यज्ञ करने से मोक्ष मिलता है। केवल उमापति भगवान् शंकर ने सुरा और स्त्रियों के संसर्ग से मोक्ष बताया है।'

उपरि लिखित अनुवाद में जो कि मूल से बिल्कुल समानार्थक है, कोई भी बात आपत्ति जनक नहीं है। तन्त्रसम्प्रदाय की शिक्षाओं में संन्यास से कोई भी सामञ्जस्य नहीं है। इसलिए तन्त्रमत का अनुयायी यह नहीं मान सकता कि अपनी स्त्री के साथ रहने अथवा थोड़ी सी मदिरा और मांस प्रयोग में लेने से मोक्ष नहीं हो सकता ? तन्त्रमत के अनुयायी वर्णव्यवस्था, वैदिक कर्मकाण्ड और परम्पराओं को प्रोत्साहन नहीं देते थे। राजशेखर का विवाह स्वयं एक क्षत्रिय स्त्री से हुआ था। यदि राजशेखर ब्राह्मण रहे हों, तो यह विवाह तान्त्रिक ढंग से हुआ होगा। या यह अनुलोम विवाह हुआ होगा। तन्त्रसम्प्रदाय की विचार धारा को ही ध्यान में रखकर भैरवानन्द ने कहा है कि कोई भी मनुष्य विधवा या शूद्रा से विवाह कर सकता है और मोक्ष पाने के लिए वैदिक यज्ञयागादिकों की आवश्यकता नहीं है। इस तरह मालूम पड़ता है कि भैरवानन्द के उन्माद के पीछे कोई पूर्ण पद्धति छिपी हुई है। उसके शब्द प्रत्यक्ष रूप से भद्दे और अनैतिक मालूम पड़ते हैं लेकिन उनमें दुहरा अभिप्राय छिपा हुआ है और नाटक में दर्शकों की अनुरक्ति पैदा करने के लिए है। इन सब बातों से तन्त्रसम्प्रदाय के अध्ययन में बड़ी सहायता मिलती है।

राजशेखर का समय

राजशेखर के लिखे हुए नाटकों के साक्ष्य के आधार पर हम कह सकते हैं कि राजशेखर कन्नौज के राजा महेन्द्रपाल के उपाध्याय थे और महेन्द्रपाल के उत्तराधिकारी पुत्र महीपाल ने भी उनको अपना संरक्षण दिया था। प्रो० कोनो ने किन्हीं शिलालेखों तथा साहित्यिक उल्लेखों के आधार पर ऐसा अनुमान किया है कि राजशेखर का अपने जीवन के किसी भाग में चेदि राजवंश से अवश्य संबन्ध था। लेकिन राजशेखर ने काव्यमीमांसा में भारत का जो भौगोलिक वर्णन किया है, उसमें चेदि नाम कहीं भी नहीं आता है। सीवोदीन शिलालेख से पता चलता है कि महेन्द्रपाल ने ९०३–९०७ ई. स. में राज्य किया और उसके पुत्र महीपाल ने ९१७ ई. स. के लगभग राज्य

किया। इसके अतिरिक्त दूसरे तथ्यों से भी राजशेखर के समय निर्णय में सहायता मिलती है। अपनी काव्यमीमांसा में दूसरे लेखकों के साथ राजशेखर ने उद्भट और आनन्दवर्धन का भी उल्लेख किया है। यह दोनों लेखक काश्मीरी राजा जयापीड (७१९–८१३ ई. स.) और अवन्तिवर्मन् (८५७–८८४ ई. स.) के शासनकाल में क्रमशः हुए। इनके साथ साथ सोमदेव और सोड्ढल जो कि क्रमशः ९६० ई. स. और ९९० ई. स. में हुए, उन्होंने राजशेखर का उल्लेख किया है। सोमदेव का यशस्तिलकचम्पू ९६० ई. स. में पूरा हुआ था। सोड्ढल की उदयसुन्दरी ९६० ई. स. के लगभग लिखी गई थी। अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि राजशेखर ८८०–९२० ई. स. के बीच में प्रादुर्भूत हुए और उन्होंने अपने ग्रन्थों का निर्माण किया।

राजशेखर के समय के सबन्ध में विभिन्न विद्वानों के भिन्न भिन्न विचार हैं।

एक कथा यह है कि राजशेखर ने अपने तीन नाटक श्रीशङ्कराचार्य जी को भेंट किए। माधवाचार्य द्वारा विरचित शङ्करविजय में राजशेखर की कथा निम्नरूप से है:—

'तन्नोदितः कश्चन राजशेखरः' (सर्ग २)
'एवमेनमतिमर्त्यं चरित्रं सेवमानजनदैन्यलवित्रम्।
केरलक्षितिपतिर्हि दिदृक्षुः प्राहिणोत्सचिवमाहृतभिक्षुः॥'
'तेन पृष्टकुशलः क्षितिपालः स्वेन सृष्टमथ शात्रवकालः।
हाटकायुतसमर्पणपूर्वं नाटकत्रयमवोचदपूर्वम्॥' (सर्ग ५)
कविता कुशलोऽथ केरलक्ष्मा कमनः कश्चनराजशेखराख्यः।
मुनिवर्यममुं मुदा वितेने निजकोटीरनिघृष्टपत्तरवाग्रम्॥
प्रथते किमु नाटकत्रयी सेत्यमुना संयमिना ततो नियुक्तः। (सर्ग ४)

इससे मालूम पड़ता है कि केरल देश के राजा राजशेखर सप्तम शतक से पहिले होने वाले शंकराचार्य के समकालीन थे। लेकिन भोजप्रबन्ध आदि की तरह शंकरविजय का भी समय निश्चित नहीं होने से उपर्युक्त मत विश्वसनीय नहीं है। दूसरे इस शंकरविजय का कर्ता पण्डित शिरोमणि सायनमाधवाचार्य नहीं हैं। यह माधव नाम के किसी और व्यक्ति का लिखा हुआ है।

जर्मनी पण्डित फ्लीट और कीलहार्न राजशेखर को नवम शतक के अन्त और दसम

शतक के प्रारम्भ में मानते हैं। औफ्रेट का कहना है कि राजशेखर जयदेव से प्रथम हुये। भाण्डारकर महाशय ने राजशेखर को दशम शतक के महेन्द्रपाल का गुरु माना है। श्री. ए. बोरो ने उन्हें शंकराचार्य का समकालीन मानकर सप्तम शतक का माना है। पिशेल ने उन्हें दशम या एकादश शतक का माना है। पीटर्सन ने उन्हें अष्टम शतक के मध्य का माना है। उनका कहना है कि क्षीरस्वामी ने जिसने कि अमरकोष पर टीका लिखी है और जो काश्मीर के राजा जयापीड (७५० ई. स.) का गुरु था, अपनी अमरकोष की टीका में विद्धशालभञ्जिका से एक श्लोक उद्धृत किया है और राजा महेन्द्रपाल जिसको राजशेखर ने अपना शिष्य बताया है, ७६१ ई. स. में राज्य करता था। इससे यह सिद्ध होता है कि राजशेखर अष्टम शतक के मध्य में हुये। कनिंघम महाशय का भी यही मत है। लेकिन यह मत भी भ्रान्तिरहित नहीं है। काश्मीर के राजा जयापीड का क्षीर नामक कोई गुरु अवश्य था। लेकिन उसने ही अमरकोष की टीका लिखी, यह बात सत्य नहीं है, क्योंकि उसने भोज का उल्लेख किया हैं और वर्धमान ने उसका उल्लेख किया है। अतः यह क्षीरस्वामी एकादश शतक ई. स. में हुए होंगे। श्री दुर्गाप्रसाद और परब महाशयों ने ८८४-९५९ ई. स. का समय माना है। श्री. एच. एच. विल्सन महोदय द्वादश शतक का प्रारम्भ राजशेखर का समय मानते हैं। श्री मैक्समूलर महोदय ने भूल से प्रबन्धकोष के रचयिता राजशेखर (१३४७ इ. स.) से इसको मिला दिया है। श्री आप्टे महाशय ने इन सब बातों का विचार कर सप्तम और अष्टम शतक का मध्य राजशेखर का समय माना है।

राजशेखर का जन्मस्थान और वंशपरिचय

बालरामायण से पता चलता है कि राजशेखर के कुछ पूर्वज महाराष्ट्र के रहने वाले थे। प्रो. कोनो ने महाराष्ट्र से विदर्भ और कुन्तल देश समझा है। लेकिन काव्यमीमांसा में महाराष्ट्र को विदर्भ और कुन्तल से अलग दक्षिणापथ का एक भाग माना गया है। महाराष्ट्र की स्थिति कहीं पर भी क्यों न हो, लेकिन यह कुछ निश्चित नहीं है कि महाराष्ट्र राजशेखर का जन्म स्थान था। इस संदेह के निम्न कारण हैं। आचार्य दण्डी ने महाराष्ट्री प्राकृत की बड़ी प्रशंसा की है। लेकिन राजशेखर ने जो प्राकृत को सबसे बड़ा मानने वाले है, प्राकृत को लाटदेश की लोकप्रिय भाषा माना

है और महाराष्ट्र देश से इसको किसी भी तरह संबद्ध नहीं किया है। राजशेखर यहां पर अवश्य अपने जन्मस्थान का परिचय दे सकते थे। हम यह नहीं कह सकते कि केवल संकोचवश उन्होंने ऐसा किया, क्योंकि जो व्यक्ति अपने को सर्वभाषाचतुर कह सकता है, उसे अपने जन्मस्थान का परिचय देने में संकोच नहीं होना चाहिये। जब कि दण्डी के अनुसार महाराष्ट्र की प्राकृत भाषा प्रकृष्ट मानी जाती थी। इसलिए यह मानना जरा कठिन है कि महाराष्ट्र राजशेखर का जन्मस्थान था।

उक्त विचार पर यह भी आपत्ति की जा सकती है कि राजशेखर के समय में महाराष्ट्र में प्राकृत भाषा का संभवतः ह्रास हो गया होगा या दण्डी का महाराष्ट्र राजशेखर के महाराष्ट्र से समानार्थक था और भारतीय मध्यदेश की दक्षिण सीमा पर स्थिर रहा होगा।

दण्डी के कथन के संबन्ध में संदेह किया जा सकता है। राजशेखर महाराष्ट्री के संबन्ध में बिल्कुल चुप हैं। इससे भी प्रतीत होता है कि दण्डी ने केवल अपनी मातृभूमि प्रेम में अतिशयोक्ति कर दी है। राजशेखर ने प्राचीन राजाओं की भाषासंबन्धी रुचियों का विवरण देते हुए किसी भी ऐसे महाराष्ट्रिय राजा का उल्लेख नहीं किया जिसने कि महाराष्ट्री प्राकृत को संरक्षण दिया हो। दूसरे इसतरह के भी प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं, जिनके आधार पर यह कहा जा सके कि राजशेखर के समय में महाराष्ट्री प्राकृत का अपने ही देश में प्रभाव घट गया था। अब हमें महाराष्ट्र की भौगोलिक स्थिति पर भी जरा विचार करना चाहिए। सर जार्ज ग्रियर्सन ने (लिंग्विस्टिक सर्वे आफ इण्डिया, भाग ७, पृ. १२३) शौरसेनी प्राकृत से निकलने वाली भाषाओं के प्रदेश के दक्षिण में पड़ने वाले भूभाग को महाराष्ट्र नाम दिया है। अतः यह भी असंगत नहीं प्रतीत होता कि राजशेखर का महाराष्ट्र मध्यदेश से मिला हुआ था। लेकिन फिर भी राजशेखर को हम महाराष्ट्र से संबद्ध नहीं कर सकते, क्योंकि उन्होंने अपने मध्यदेश के संबन्ध को स्पष्टतया व्यक्त कर दिया है।

(१) काव्यमीमांसा में उन्होंने कहा है—**'यो मध्यदेशं निवसति, स कविः सर्वभाषानिषण्णः।'** (जो कवि मध्यदेश में रहता है, वह सब भाषाओं में चतुर होता है) इस कथन को राजशेखर के अपने सर्वभाषाचतुर होने के कथन से मिलाने पर यह बात अधिक पुष्ट हो जाती है कि मध्यदेश ही राजशेखर का जन्मस्थान था।

(२) शौरसेनी प्राकृत में ही एक सम्पूर्ण नाटक लिखकर राजशेखर ने मध्यदेश की प्राकृत को गर्वोन्नत किया है।

(३) कन्नौज और पाञ्चाल के प्रति राजशेखर का जो पक्षपात है उससे भी यह सिद्ध होता है कि मध्यदेश उनका जन्मस्थान था और महोदय (कन्नौज) इस प्रदेश की राजधानी थी। राजशेखर का कहना है कि दिशायें इसी नगर से माननी चाहिए। इस नगर को वे बड़ा पवित्र मानते हैं और इस नगर की स्त्रियों को भी वे वेषभूषा, आभूषण, भाषा और व्यवहार में अग्रगामी बताते हैं (बालरामायण १०, ८८-९०)। पाञ्चाल देश की प्रशंसा उन्होंने (बालरामायण, १०, ८६) में बड़ी की है।

इन सब बातों से हम यह मान सकते है कि महाराष्ट्र राजशेखर का जन्मस्थान नहीं था, भले ही महाराष्ट्र को पश्चिमीय दक्षिण (Western Deccan) न माना जाय। राजशेखर के जन्मस्थान के संबन्ध में जो पूर्वपरम्परायें चली आ रहीं हैं, उनसे इसी तरह हम सामञ्जस्य कर सकते हैं कि राजशेखर के पूर्वज महाराष्ट्र से मध्यदेश में आए थे।

राजशेखर का वंश

'उपाध्यायो यायावरीयः श्रीराजशेखरः' इस बालरामायण के कथन से यह प्रतीत होता है कि राजशेखर यायावर कुल के थे 'लेकिन इससे यह निश्चित नहीं होता कि राजशेखर ब्राह्मण थे या क्षत्रिय। चौहानवंश की क्षत्रिय कन्या अवन्तिसुन्दरी से इनका विवाह होने के कारण यह भी संभव हो सकता है कि ये क्षत्रिय रहे हों। लेकिन क्षत्रिय स्त्री से विवाह करने के कारण ही इनको ब्राह्मण न माना जाय, यह बात ठीक नहीं, क्योंकि उन दिनों अनुलोम विवाह (अपने से निम्न वर्ण की स्त्री से विवाह) करना वर्जित नहीं था। अथवा ऐसा भी हो सकता है-जैसा कि प्रो. कोनो ने अनुमान किया है-कि राजशेखर शैव थे और इसलिये शैवरीति के अनुसार किसी भी वर्ण से विवाह कर सकते थे। लेकिन कोनो महाशय भी श्री आप्टे के अनुसार राजशेखर को ब्राह्मण ही मानते हैं क्योंकि निम्न श्लोक—

बभूव वल्मीकभवः कविः पुरा ततः प्रपेदे भुवि भर्तृमेण्ठताम्।
स्थितः पुनर्यो भवभूतिरेखया स वर्तते सम्प्रति राजशेखरः॥

के अनुसार राजशेखर को भवभूति का अवतार माना जाता है और क्षत्रिय किसी ब्राह्मण

का अवतार नहीं हो सकता। दूसरे राजशेखर उपाध्याय या गुरु भी थे इसलिए उनका ब्राह्मण होना अधिक संगत प्रतीत होता है। लेकिन ये दोनों युक्तियाँ सबल नहीं है, भवभूति का अवतार होने से ही राजशेखर को ब्राह्मण नहीं मान सकते? क्योंकि राम और कृष्ण भगवान् का अवतार होने पर भी ब्राह्मण नहीं थे। दूसरी युक्ति भी ठीक नहीं है। धर्मसूत्रों में क्षत्रिय के गुरु होने के विरुद्ध कोई कथन नहीं है। राजशेखर क्षत्रिय होने पर भी गुरु हो सकते थे। राजशेखर के पिता दुर्दुक एक राजा के (बालरामायण १, १३) महामात्य थे। इससे हम ऐसा समझ सकते हैं कि राजशेखर ब्राह्मण रहे होंगे, क्योंकि कई ब्राह्मण चाणक्य, सायण आदि प्रसिद्ध मन्त्री हुए हैं। लेकिन कोई बात निश्चित नहीं होती, क्योंकि ब्राह्मणों ने कभी-कभी प्रधानसेनापति का पद-जिसपर कि प्रायः क्षत्रिय ही कार्य करते हैं—भी सभाला है और क्षत्रियों ने भी समय समय पर मन्त्रिपद का कार्य किया है। कामन्दकीय नीतिसार जैसे ग्रन्थों में ऐसा कोई नियम नहीं है जिसके अनुसार ब्राह्मण ही मन्त्री बनें।

यायावर वंश में, चाहे ये ब्राह्मण हों या क्षत्रिय, बड़े-बड़े विद्वान् उत्पन्न हुए। जैसा कि—

समूर्तो यत्रासीद् गुणगण इवाकाल जलदः, सुरानन्दः सोऽपि श्रवणपुटपेयेन वचसा।
न चान्ये गण्यन्ते तरलकविराजप्रभृतयो, महाभागास्तस्मिन्नयमजनि यायावरकुले॥

इस श्लोक से स्पष्ट है। लेकिन इन सबमें अकालजलद ही उनके पूर्वज थे।

नदीनामेकलसुता नृपाणां रणविग्रहः। कवीनां च सुरानन्दश्चेदिमण्डलमण्डनम्॥

इस श्लोक में उल्लिखित सुरानन्द, तरल तथा कविराज आदि इस वंश की अन्य शाखाओं में रहे होंगे। सूक्तिमुक्तावली में उद्धृत राजशेखर के एक श्लोक में 'यायावरकुलश्रेणि' के कथन में भी इसकी पुष्टि होती है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि अनेक विद्वज्जन मण्डित यायावर कुल में इनका जन्म हुआ था और दुर्दुक इनके पिता तथा शीलवती इनकी माता थी।

राजशेखर का व्यक्तित्व

अनेक विद्वानों से विभूषित यायावर वंश में उत्पन्न होने के कारण राजशेखर की शिक्षा बड़ी पूर्ण थी और वे उस समय की समस्त विद्याओं से परिचित थे। काव्यमीमांसा

को देखने से उनकी अद्वितीय प्रतिभा का पता चलता है। राजशेखर स्वयं भी कवि थे और उन्होंने अपने लिए महाकवि से भी श्रेष्ठतर 'कविराज' की पदवी दी है। इससे हम यह अनुमान कर सकते है कि उन्होंने दूसरे कवियों के लिए जो स्तर निर्धारित किया था, वहां तक वे स्वय भी पहुंच चुके थे और साहित्यविद्या मे पारंगत होने के साथ साथ अन्यान्य विभिन्न विद्याओं में भी निष्णात थे।

राजशेखर न केवल विद्वान् थे बल्कि उनमें साहित्यिक प्रतिभा भी थी। इसीलिए संस्कृत साहित्य में उन्हें सर्वोच्च नहीं तो प्रमुख स्थान तो प्राप्त है ही। यद्यपि राजशेखर ने कालिदास और भवभूति आदि अपने पूर्ववर्ती कवियों से भाव, उद्देश्य तथा कल्पनाएँ ग्रहण की हैं लेकिन उन सबका ऐसा आत्मीकरण किया है कि उनपर अपनी भावाभिव्यजनशैली से अपना प्रभाव डाल दिया है। कर्पूरमञ्जरी मे हम मालविकाग्निमित्र की छाया यत्र तत्र देख ही सकते हैं। राजशेखर ने सम्पूर्ण भारत की यात्रा अवश्य की होगी। दक्षिण भारत की परम्पराओं और स्थानों का प्रायः उनकी रचनाओं में उल्लेख मिलता है। भाषा के सम्बन्ध मे भी इनके विचार स्पष्ट हैं। काव्य का स्वरूप राजशेखर के अनुसार निम्नलिखित है—

उक्तिविशेषः काव्यं भाषा या भवति सा भवतु।

प्राकृतभाषा के संबन्ध में उनके विचार निम्न श्लोक से स्पष्ट हो जाते हैः—

परुसा संक्किअबंधा पाउदबंधो वि होई सुउमारो।
पुरुसमहिलाणं जेत्तिअमिहतरं त्तिअमिमाणं॥ (पृ. ९)

राजशेखर अपने विषय मे उदासीन नहीं है। कर्पूरमञ्जरी की प्रस्तावना मे—

स अस्य कविः श्रीराजशेखरस्त्रिभुवनमपि धवलयन्ति।
हरिणाङ्कप्रतिपक्षिसिद्धया निष्कलङ्का गुणा यस्य॥ (पृ. १०)

अस्तु, राजशेखर के ग्रन्थों से उनकी कलाप्रियता और संस्कृतभाषा पर अधिकार का हमें पूरा विश्वास हो जाता है।

राजशेखर के ग्रन्थ

राजशेखर के चार नाटक और काव्यमीमांसा नामक एक साहित्यशास्त्र का ग्रन्थ इस समय उपलब्ध है। अपने काव्यानुशासन मे आचार्य हेमचन्द्र ने राजशेखर

रचित हरविलास नामक एक काव्य का भी उल्लेख किया है। इस तरह राजशेखर की ६ रचनाएँ हमारे सामने हैं। लेकिन फिर भी यह निश्चित नहीं है कि उन्होंने कितने ग्रन्थ लिखे। बालरामायण की प्रस्तावना में लिखा हुआ है कि राजशेखर संभवतः इस नाटक को मिलाकर ६ ग्रन्थ लिखे। चूंकि उनके ग्रन्थों के कालक्रम का हमें पता नहीं है, इसलिए उनकी रचनाएँ विभिन्न संख्या में हमारे सामने आती हैं। श्री वी. एस. आप्टे और प्रो० कोनो ने उनकी रचनाओं का निम्नकालक्रम निश्चित किया है। कर्पूरमञ्जरी, विद्धशालभञ्जिका, बालरामायण और बालभारत। इस मत के आधार पर राजशेखर की रचनाएँ ९ से कम नहीं होती। कोई कोई बालरामायण और बालभारत को कवि की पूर्वतम रचनाएँ मानते है। इस तरह राजशेखर की रचनाएं ९ या १० से कम नहीं ठहरतीं। बालरामायण की उक्ति में ऐसा मालूम पड़ता है कि यह नाटक कवि का पहला नाटक था और इससे पहिले कवि ने ५ या ६ काव्य विभिन्न तरह के लिखे थे तथा जनता में उनका अधिक स्वागत नहीं हुआ था। एक जगह राजशेखर ने भी लिखा है कि यद्यपि आलोचक उनके काव्यों को पसन्द नहीं करेंगे, फिर भी उनके नाटक बड़े आदर से पढ़े जायेंगे। इस तरह राजशेखर के १० ग्रन्थ निश्चित होते हैं—१. बालरामायण, २. बालभारत, ३. कर्पूरमञ्जरी, ४. विद्धशालभञ्जिका और ६ काव्य।

पात्र परिचय

पुरुष पात्र

सूत्रधार—नाटक का स्थापक, रङ्गमञ्च का प्रबन्धक—प्रधान नट।

पारिपार्श्विक—सूत्रधार का सहयोगी—दूसरा नट।

राजा—चन्द्रपाल, नाटक का नायक।

विदूषक—कपिञ्जल, राजा का विनोदी मित्र।

वैतालिक (दो)—रत्नचण्ड और काञ्चनचण्ड, राजा की स्तुति करने वाले।

भैरवानन्द—योगी, तान्त्रिक सिद्ध पुरुष।

स्त्रीपात्र

कर्पूरमञ्जरी—विदर्भनगर की राजकुमारी—नाटक की नायिका।

देवी—राजा चन्द्रपाल की रानी—विभ्रमलेखा।

विचक्षणा—रानी की सखी—प्रधान परिचारिका, चेटी।

प्रतिहारी—अन्तःपुर की दासी।

कुरङ्गिका—कर्पूरमञ्जरी की सखी—परिचारिका।

सारङ्गिका—रानी की प्रमुख दासी।

चर्चरी—नर्तकियां।

॥ श्रीः ॥

'मकरन्द' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेता

प्रथमं जवनिकान्तरम्

भद्दं भोदु सरस्सईअ कइणो णंदंतु वासाइणो
अण्णाणं वि परं पअट्टदु वरा वाणी छइल्लप्पिआ।
वच्छोमी तह माअही फुरदु णो सा किं च पंचालिआ
रोदीओ विलिहंतु कव्वकुसला जोण्हं चओरा विअ ॥ १ ॥

(भद्रं भवतु सरस्वत्याः कवयो नन्दन्तु व्यासादयः
अन्येषामपि परं प्रवर्त्ततां वरा वाणी विदग्धप्रिया ।

अन्वयः—सरस्वत्याः भद्रं भवतु, व्यासादयः कवयः नन्दन्तु, अन्येषाम् अपि विदग्धप्रिया वरा वाणी परं प्रवर्तताम्। वैदर्भी तथा मागधी किञ्च सा पाञ्चालिका रीतिका नः स्फुरतु, चकाराः ज्योत्स्नाम् इव काव्यकुशलाः (रीतिकाः) विलिहन्तु।

व्याख्या—सरस्वत्याः वाग्देवतायाः भद्रं मङ्गलं भवतु, सरस्वती विजयतामिति भावः। कवयः, व्यासादयः व्यासवल्मीकप्रभृतयः काव्यप्रणेतारः-नन्दन्तु आनन्दमनुभवन्तु, यतस्तेऽपि स्वप्रणीतग्रन्थैर्जगत आनन्दमुत्पादयन्ति। अन्येषां कालिदास-

---

सरस्वती देवी की जय हो, व्यास आदि कवि भी अपनी रचनाओं द्वारा समृद्ध होते रहें और भी कालिदास, भवभूति आदि कवियों की विद्वज्जनप्रिय

टिप्पणी—'सरस्वती' शब्द स्त्रीरत्न का भी पर्यायवाची है, अतः सरस्वती शब्द से स्त्रीरत्नभूत कर्पूरमञ्जरी नामक इस सट्टक की नायिका की भी प्रतीति होती है। वैदर्भी,

वैदर्भी तथा मागधी स्फुरतु नः सा किञ्च पाञ्चालिका
रीतिका विलिहन्तु काव्यकुशला ज्योत्स्नां चकोरा इव ॥ १ ॥)

अवि अ (अपि च)—

अकलिअपरिरंभविब्भमाइं अजणिअचुंबणडंबराइं दूरम् ।
अघडिअघणताडणाइं णिच्चं णमह अणंगरईणमोहणाइं ॥ २ ॥

भवभूति-प्रभृतीनाम् कवीनामपि विदग्धप्रिया विद्वज्जनमनोहारिणी वरा श्रेष्ठा वाणी वाक् परम् उत्कर्षेण प्रवर्तताम् प्रचलतु, वैदर्भी विदर्भदेशोद्भवा तथा मागधी मगधदेशोद्भवा किंच स। प्रसिद्धा पाञ्चालिका पञ्चालदेशोद्भवा रीतिका रीतिः नः अस्माकं स्फुरतु मनसि प्रकटीभवतु । चकोराः चातकपक्षिणः ज्योत्स्नां चन्द्रिकामिव काव्यकुशलाः काव्यार्थपर्यालोचने निपुणाः सामाजिकाः, रीतिकाः इमास्तिस्रो रीतीः, रीतित्रयविशिष्टां कर्पूरमञ्जरीमिति ध्वनिः । विलिहन्तु विशेषेणास्वादयन्तु ।

यथा चकोराश्चन्द्रिकामास्वाद्य प्रमोदमग्ना भवन्ति तथैव सहृदयवन्तः समाजिकाः रीतिरसास्वादेन प्रसन्ना भवन्त्विति भावः ॥ १ ॥

मधुर वाणी सर्वदा चलती रहे। वैदर्भी, मागधी और पाञ्चाली रीतियां हमारे ध्यान में तथा सामने रहे। सहृदय रसिक जन इन तीन रीतियों का उसी तरह विशेषरूप से आनन्द लें, जिस तरह ज्योत्स्ना का स्वाद लेकर चकोर पक्षी प्रसन्न होते हैं ॥ १ ॥

मागधी और पाञ्चाली ये तीन रीतियाँ काव्य में प्रयुक्त शब्दगत शैलियों के नाम है। वैदर्भी रीति में माधुर्य की व्यञ्जना करने वाले सरस तथा सरल शब्दों द्वारा समास रहित रचना की जाती है। मागधी रीति में ओज गुण की व्यञ्जना करने वाले पद रहते हैं तथा समास का अधिक प्रयोग पाया जाता है। पाञ्चाली रीति में रचना पांच, छः पदों की समास से युक्त, ओज तथा कान्ति गुणयुक्त और मधुर तथा सुकुमार होती है। साहित्यदर्पणे-'पदसङ्घटना रीतिरङ्गसंस्थाविशेषवत् । उपकर्त्री रसादीनां सा पुनः स्याच्चतुर्विधा ॥ माधुर्यव्यञ्जकैर्वर्णैः रचना ललितात्मिका । अवृत्तिरल्पवृत्तिर्वा वैदर्भी रीतिरिष्यते । ओजःप्रकाशकैर्वर्णैर्बन्ध आडम्बरः पुनः । समासबहुला गौडी ॥' सरस्वतीकण्ठाभरणे-'समस्तपञ्चषपदामोजःकान्तिसमन्विताम् । मधुरां सुकुमारां च पाञ्चालीं कवयो विदुः ॥' ॥ १ ॥

(अकलितपरिरम्भविभ्रमाणि अजनितचुम्बनडम्बराणि दूरम् ।
अगणितघनताडनानि नित्यं नमतानङ्गरत्योर्मोहनानि ॥ २ ॥)

अवि अ (अपि च)—

ससिखंडमंडणाणं समोहणासाणं सुरअणपिआणम् ।
गिरिसगिरिंदसुआणं संघाडो बो सुहं देउ ॥ ३ ॥
(शशिखण्डमण्डनयोः समोहनाशयोः सुरगणप्रिययोः ।
गिरिश-गिरीन्द्रसुतयोः सङ्घटना वः सुखं ददातु ॥ ३ ॥)

अन्वयः—(यूयम्) अकलितपरिरम्भविभ्रमाणि अजनितचुम्बनडम्बराणि अगणितघनताडनानि अनङ्गरत्योः मोहनानि दूरं यथा स्यात्तथा नित्यं नमत ।

व्याख्या—यूयं दर्शकाः रतिकामयोः आलिङ्गनविलासरहितानि चुम्बनप्रयास-शून्यानि घनताडनवर्जितानि सुरतानि नित्यमभिवन्दध्वम्, आस्वादयतेति वा ।

समास—न कलितः परिरम्भविभ्रमः येषु तानि = अकलित०, न जनितः चुम्बेन डम्बरः येषु तानि = अजनितचुम्बन०, न गणितं घनं ताडनं येषु तानि = अगणितघन०, अत्र सर्वेषु बहुव्रीहिसमासः, नमतः=नम् पर० लोट् मध्यम० बहु० ।

व्याख्या—शशिनः खण्डः मण्डनं भूषणं ययोस्तयोः शशिखण्डमण्डनयोः, चन्द्रकलाभूषितयोः संभोगेच्छावतोः देवानां प्रिययोः शङ्करपार्वत्योः सङ्गमः युष्मभ्यं दर्शकेभ्य आनन्दं ददातु । मोहने (सुरते) या आशा मोहनाशा, तया सह वर्तेते इति तयोः समोहनाशयोः, तत्पु० ।

और भी—दर्शकगण आलिङ्गन चेष्टा से रहित, चुम्बन के आडम्बर से शून्य और अंगविशेषों के कठिन ताडन से रहित काम और रति की सुरत क्रीडाओं को निरन्तर नमस्कार करें, अथवा उनका रसास्वाद करें ॥ २ ॥

और भी—चन्द्रकला से भूषित, संभोग की अभिलाषा रखने वाले, देवताओं के प्रिय शंकर और पार्वती का संगम तुम दर्शकों को आनन्द दे ॥ ३ ॥

टिप्पणी—काम और रति से यहाँ चन्द्रपाल और कर्पूरमञ्जरी की प्रतीति होती है। उनकी सुरतक्रीडाओं से संभोगश्रृंगार की ध्वनि निकलती है ॥ २ ॥

अवि अ (अपि च)—

ईसारोसप्पसादप्पणदिसु बहुसो सग्गगंगाजलेहि
आ मूलं पूरिदाए तुहिणअरअलारुप्पसुत्तीअ रुद्दो।
जोण्हामुत्ताफलिल्लं णदमउलिणिहित्तग्गहत्थेहिं दोहिं
अग्घं सिग्घं व देंतो जअइ गिरिसुआपाअपंकेरुहाणं ॥४॥

(ईर्ष्यारोषप्रसादप्रणतिषु बहुशः स्वर्गगङ्गाजलै-
रामूलं पूरितया तुहिनकरकलारूप्यशुक्त्या रुद्रः।
ज्योत्स्नामुक्ताफलाढ्यं नतमौलिनिहिताग्रहस्ताभ्यां द्वाभ्या-
मर्घ्यं शीघ्रमिव ददज्जयति गिरिसुतापादपङ्केरुहयोः ॥ ४ ॥)

अन्वयः—बहुशः ईर्ष्यारोषप्रसादप्रणतिषु द्वाभ्यां नतमौलिनिहिताग्रहस्ताभ्याम् स्वर्गगंगाजलैः आमूलम् पूरितया तुहिनकरकलारूप्यशुक्त्या ज्योत्स्नामुक्ताफलाढ्य । अर्घ्यम् शीघ्रम गिरिसुतापादपंकेरुहयोः ददत् इव रुद्रः जयति ।

व्याख्या—बहुशः पुनः पुनः ईर्ष्यारोषयोः सतोः प्रसादार्थं क्रियमाणासु प्रणतिषु पादतलपतनेषु, द्वाभ्यां नतमौलौ नतमस्तके निहिताग्रहस्ताभ्यां निक्षिप्तं अग्रहस्ताभ्याम् स्वर्गगंगाजलैः आमूलं पूरितया तुहिनकरकला चन्द्रकला एव रूप्यशुक्तिः तया, ज्योत्स्ना एव मुक्ताफलं तेन आढ्यं युक्तम् अर्घ्यं शीघ्रं मानवृद्धिभयात् गिरिसुतायाः पार्वत्याः पादपंकेरुहयोः चरणकमलयोः ददत् इव रुद्रः शंकरः जयति ॥४॥

सरलार्थः—स्वमस्तके गङ्गां स्थितां दृष्ट्वा पार्वत्याः ईर्ष्या तया च रोषः

और भी—शिवजी के मस्तक पर गङ्गा को देखकर उत्पन्न पार्वती की ईर्ष्या और क्रोध को शान्त करने के लिये उनके पैरों पर बार बार पड़ते हुये तथा अपने झुके हुये मस्तक पर रखे हुये दोनों अग्रहस्तनों द्वारा गङ्गा जल से अत्यन्त पूरित चन्द्रकलारूपी सीप से चन्द्रिकारूपी मोती से युक्त अर्घ्य को शीघ्र २ पार्वती के चरणों में देते हुये भगवान् शंकर सर्वश्रेष्ठ हैं ॥ ४ ॥

टिप्पणी—'बहुशः' इस कथन से पार्वती के अत्यन्त मानिनी होने की व्यञ्जना होती है। अर्घ्यदान में शीघ्रता इसलिये कि कहीं पार्वती का मान और न बढ़ जाय। पार्वती के चरणों में चन्द्रकला का संबन्ध उनके कामावेश को बढ़ाने के लिये है ॥ ४ ॥

[नान्यन्ते]

सूत्रधारः—[परिक्रम्य नेपथ्याभिमुखमवलोक्य] । किं उण णिट्टपउट्टो विअ दीसदि अम्हाणं कुसीलवाणं परिजणो,—जदो एक्का पत्तोच्चिआइं सिअआइं उच्चिणेदि । इअरा कुसुमावलीओ गुंफेदि । अण्णा पडिसीसआइं पडिसारेदि । कावि क्खु वण्णिआओ पट्टए वट्टेदि । एस बंसे ठाविदो थाणो । इअं बोणा पडिसारीअदि । इमे तिण्णि मिअंगा सज्जीअंति । एस कांमतालाणं पक्खालणुज्जलाणं हल्लवोलो । एदं धुआगोदं आलवीअदि । ता किंचि कुडुंबं आकारिअ पुच्छिस्सं ? (किं पुनर्नृत्यप्रवृत्त इव दृश्यतेऽस्माकं कुशीलवानां परिजनः,—यत एका पात्रोचितानि सिचयानि उच्चिनोति । इतरा कुसुमावलीर्गुम्फति । अन्या प्रतिशीर्षकाणि प्रसारयति । काऽपि खलु वर्णिकाः पट्टे वर्त्तयति । एष वंशे स्थापितो ध्वानः । इयं वीणा

मंजातः, तस्य दूरीकरणाय शिवः पार्वत्याः चरणयोः पुनः पुनः पतन्नास्ते । एतदवसरे कविरुत्प्रेक्षते—यथा कश्चिद्भक्तः स्वदेवताप्रसादनार्थं जलपूरितया शुक्त्या मुक्तायुक्तं प्रणामपूर्वमर्घ्यं स्वहस्ताभ्यां ददाति, एवमेव शंकरः गंगाजलपूरितया चन्द्रकलारूपिशुक्त्या ज्योत्स्नामुक्ताफलं संमितमर्घ्यं पार्वती चरण कमलयोः शीघ्रं निवेदयन्निव प्रतिभाति ।

सूत्रधार—(घूम कर और नेपथ्य की ओर देखकर) हमारा नट समुदाय तो नृत्य में लगा हुआ सा दीखता है—क्योंकि कोई नटी तो पात्रों के लिये उचित वस्त्रों को ठीक कर रही है । कोई माला बना रही है । कोई पगड़ियां फैला रही है । कोई चित्रफलक पर कलम चला रही है । यह वेणु बजाना प्रारम्भ हुआ,

---

टिप्पणी—नन्दयति सभ्यान् इति नान्दी-सभ्यों को आनन्द देने वाली । अथवा नन्दयति देवान् इति नान्दी–देवताओं को प्रसन्न करने वाली । देवताओं के लिये नमस्कार अथवा सामाजिकों के लिये आशीर्वाद स्वरूप काव्यार्थ की सूचना देने वाला श्लोक नान्दी कहलाता है । नाटक की निर्विघ्न परिसमाप्ति तथा सामाजिकों के कल्याण के लिये यह

प्रतिसार्यते । इमे त्रयो मृदङ्गाः सज्ज्यन्ते । एष कांस्यतालानां प्रक्षालनोज्ज्वलानां हलहलः । एतद्ध्रुवागीतम् आलप्यते । तत् किमिति कुटुम्बमाकार्य पृच्छामि ?) [नेपथ्याभिमुखमवलोक्य संज्ञापयति]

[ततः प्रविशति पारिपार्श्विकः]

पारिपार्श्विकः—आणवेदु भावो । (आज्ञापयतु भावः)

सूत्रधारः—[विचिन्त्य] किं उण णिट्टपउट्टा विअ दीसध ? (किं पुनर्नृत्यप्रवृत्ता इव दृश्यध्वे ?)

पारिपार्श्विकः—भाव ! सट्टअं णच्चिदव्वं । (भाव ! सट्टकं नर्त्तितव्यम्)

यह वीणा साफ की जा रही है । यह तीन तरह के मृदङ्ग (लेपादिके द्वारा) सजाये जारहे हैं । यह साफ करने से चमकते हुये करतालों का शब्द है । यह ध्रुवागीत चल रहा है । तो क्यों न साथियों को बुलाकर पूछूं ।

(पर्दे की ओर देखकर नाम लेकर पुकारता है)

(तब पारिपार्श्विक (सूत्रधार का सहयोगी दूसरा नट) रंगमंच पर आता है)

पारि०—**श्रीमान् आज्ञा दें ।**

सूत्र०—**(विचार कर) तुमलोग नृत्य की तैयारी में लगे हुये से दिखाई पड़ते हो ।**

पारि०—**महाशय ! सट्टक का अभिनय करना है ।**

मंगलाचरण किया जाता है–'यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरंगः स उच्यते । प्रत्याहारादिकान्यङ्गान्यस्य भूयांसि यद्यपि । तथाप्यवश्यं कर्तव्या नान्दी विघ्नोपशान्तये ॥ आशीर्वचनसयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते । देवद्विजनृपादीनां तस्मान् नान्दीति संज्ञिता ॥ (सा. द.) । यहां पर यह नान्दी आठ पद की है । सूत्रधार मध्यम स्वर से नान्दीपाठ करता है ।

सूत्रधार—रङ्गमञ्च का प्रबन्धक–दिग्दर्शक–नाटकीय कथा के सूत्र को धारण करनेवाला । 'नर्तनीयकथासूत्रं प्रथमं येन सूच्यते । रङ्गभूमिं समाक्रम्य सूत्रधारः स उच्यते' (सं. स.)

नेपथ्य—सजावट, वेशभूषा, वेशभूषाधारण करने का स्थान, यह प्रायः यवनिका के पीछे होता है ।

सूत्रधारः—को उण तस्स कई ? (कः पुनस्तस्य कविः ?)

पारिपार्श्विकः—

भाव ! कहिज्जदु एदं को भणई रअणिवल्लहसिहंडो ? ।
रहुउलचूडामणिणो महेंद्पालस्स को अ गुरु ? ॥ ५ ॥

(भाव ! कथ्यतामेतत् को भण्यते रजनीवल्लभशिखण्डः ? ।
रघुकुलचूडामणेर्महेन्द्रपालस्य कश्च गुरुः ? ॥ ५ ॥)

सूत्रधारः—[विचिन्त्य] पण्होत्तरं क्खु एदं । [प्रकाशम्] राअसेहरो । (प्रश्नोत्तरं खलु एतत् । राजशेखरः)

पारिपार्श्विकः—सो एदस्स कई । (स एतस्य कविः)

सूत्रधारः—किं सट्टअं ? (किं सट्टकम् ?)

पारिपार्श्विकः—[स्मृत्वा] कधिदं ज्जेव्व छइल्लेहिं । (कथितमेव विदग्धैः)

अन्वयः—भाव, रजनीवल्लभशिखण्डः कः ? कश्च रघुकुलचूडामणेः महेन्द्रपालस्य गुरुः भण्यते, एतत् कथ्यताम् ।

व्याख्या—भाव = हे विद्वन्, रजन्याः वल्लभः चन्द्रः अस्ति शिखण्डः शिरोभूषणं यस्य सः कः ? कश्च रघुकुलचूडामणेः रघुवंशशिरोमणेः महेन्द्रपालस्य एतन्नामकस्य संज्ञः गुरुः भण्यते कथ्यते । एतत् कथ्यताम् उच्यताम् । रजनीवल्लभशिखण्डशब्दः राजशेखरस्य पर्यायः, अतः राजशेखरः अस्य सट्टकस्य कविरिति सूच्यते । भावशब्दः विद्वत्पर्याय. 'भावो विद्वान्' इत्यमरः ॥ ५ ॥

सूत्र०—तो फिर उसका कवि कौन है ?

पारि०—श्रीमन्, रजनीवल्लभशिखण्ड कौन हैं ? और रघुकुलशिरोमणि महेन्द्रपाल का गुरु कौन हैं, यह बतलाइये ॥ ५ ॥

सूत्रधार—(स्वगत) यह तो प्रश्न का उत्तर है । (प्रकाशमें) राजशेखर ।

पारि०—वह इस सट्टक का लेखक है ।

सूत्रधार—सट्टक क्या होता है ?

पारि०—(कुछ स्मरण कर) विद्वानोंने कहा ही है:—

सो सट्टओ त्ति भणइ दूरं जो णाडिआइं अणुहरइ ।
किं उण एत्थ पवेसअविक्कंभाइं ण केवलं होंति ॥ ६ ॥
(तत् सट्टकमिति भण्यते दूरं यो नाटिका अनुहरति ।
किं पुनरत्र प्रवेशकविष्कम्भकौ न केवलं भवतः ॥ ६ ॥)

सूत्रधारः—[विचिन्त्य] । ता किं त्ति संकिअं परिहरिअ पाउदवंधे पउट्टो कई ? (तत् किमिति संस्कृतं परिहृत्य प्राकृतबन्धे प्रवृत्तः कविः ?)

पारिपार्श्विकः—सव्वभासाचउरेण तेण भणिदं ज्जेव्व ।
(सर्वभाषाचतुरेण तेन भणितमेव ।)

जधा (यथा)—

अत्थणिवेसा ते ज्जेव्व सद्दा ते ज्जेव्व परिणमंतावि ।
उत्तिविसेसो कव्वो भासा जा होइ सा होदु ॥ ७ ॥

जिस प्रबन्धमें नाटिकाओं का पूरा २ अनुकरण हो, केवल प्रवेशक और विष्कम्भक न पाये जाँय उसे सट्टक कहते हैं ॥ ६ ॥

सूत्र०—(विचार कर) यह तो कहिये कि संस्कृत भाषा को छोड़कर प्राकृत भाषा में कवि ने क्यों रचना की ?

पारि०—सब भाषाओं में चतुर उस कवि ने कहा ही है । जैसेः—

टिप्पणी—प्रवेशक-एक ऐसा अन्तर्गत कथाभाग है जो दो अंकों के बीच में आता है और बीती हुई तथा आगे होने वाली घटनाओं की सूचना नीच पात्रों के संवाद द्वारा देता है। इसके पात्र भी संस्कृततर भाषायें बोलते हैं। प्रवेशक विष्कम्भक जैसा ही होता है। केवल भेद इतना ही है कि विष्कम्भक प्रथम अङ्क के पूर्व भी आसकता है और प्रवेशक दो अङ्कों के मध्य में ही आता है। दूसरा भेद यह है कि विष्कम्भक में केवल मध्यपात्र ही नीच और मध्यम दोनों तरह के होते हैं और प्रवेशक में हमेशा नीच पात्र ही भाग लेते हैं ॥ ६ ॥

(अर्थनिवेशास्त एव शब्दास्त एव परिणमन्तोऽपि ।
उक्तिविशेषः काव्यं भाषा या भवति सा भवतु ॥ ७ ॥)

अवि अ (अपि च)—

**परुसा संक्किअबंधा पाउदबंधो वि होई सुउमारो ।
पुरुसमहिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणं ॥८॥**

(परुषाः संस्कृतबन्धाः प्राकृतबन्धोऽपि भवति सुकुमारः ।
पुरुषमहिलानां यावदिहान्तरं तावत् तेषु ॥ ८ ॥)

सूत्रधारः—**ता अप्पा किं ण वण्णिदो तेण ?** (तत् आत्मा किं न वर्णितस्तेन ?)

अन्वयः—परिणमन्तोऽपि अर्थनिवेशाः ते एव शब्दाः, ते एव काव्यम् उक्तिविशेषः, भाषा या भवति सा भवतु ।

भावार्थः—संस्कृततया परिवर्तमानाः अपि अर्थाः अभिधेयलक्ष्यव्यङ्ग्याः ते एव यथा प्राकृते तथैव संस्कृते । शब्दाः अपि ते एव, केवलम् असंस्कृततया प्राक विकृतरूपाः । रसात्मकं वाक्यं काव्यम् , भाषायां तु न विशेषादरः ॥ ७ ॥

भावार्थः—संस्कृतप्रबन्धाः परुषाः कर्कशाः कर्णकटवः भवन्ति, प्राकृतभाषायामेव निबद्धाः रचनाः मधुराः प्रसादगुणयुक्ताः भवन्ति । स्त्रीपुरुषयोः यावान् भेदः, यथा स्त्रियः सुकुमाराः पुरुषाः कठोराः भवन्ति तथैव प्राकृतरचनाः मधुराः, संस्कृतरचनास्तु श्रुतिकर्कशा एव ॥ ८ ॥

संस्कृत में बदल जाने पर भी काव्य का अर्थ वही रहता है, प्राकृत में भी वे ही शब्द प्रयुक्त होते हैं। चमत्कारयुक्त वाक्य काव्य कहा जाता है, भाषा चाहे जो हो, संस्कृत अथवा प्राकृत ॥ ७ ॥

और भी—संस्कृत भाषा में की गई रचनाएँ नीरस होती हैं, प्राकृत की रचनाएँ ही मधुर होती हैं। जिस तरह पुरुष कठोर होते हैं, उसी तरह संस्कृत रचनाएँ कठोर (कर्कश) होती हैं और जिस तरह स्त्रियां सुकुमार होती हैं, उसी तरह प्राकृत रचनाएँ मधुर और सुकुमार होती हैं ॥ ८ ॥

सूत्र०—**तो क्या, कवि ने अपना कुछ वर्णन नहीं किया है ?**

पारिपार्श्विकः—सुणु, वण्णिदो ज्जेव्व तक्कालकइणं मज्झम्मि मिअंकलेहाकहाआरेण अवराइएण। (शृणु, वर्णित एव तत्कालकवीनां मध्ये मृगाङ्कलेखाकथाकारेण अपराजितेन।

जधा (यथा)—

बालकई कइराओ णिब्भअराअस्स तह उवज्झाओ।
इत्ति अस्स परंपरए अप्पा माहत्तमारूढो॥ ९॥

(बालकविः कविराजो निर्भयराजस्य तथोपाध्यायः।
इत्यस्य परम्परया आत्मा माहात्म्यमारूढः॥ ९॥

सो अस्स कई सिरिराअसेहरो तिहुअणं पि धवलेंति।
हरिणंकपालिसिद्धिए णिक्कलंका गुणा जस्स॥ १०॥

(स अस्य कविः श्रीराजशेखरः त्रिभुवनमपि धवलयन्ति।
हरिणाङ्कप्रतिपङ्क्तिसिद्ध्या निष्कलङ्का गुणा यस्य॥ १०॥)

अन्वयः—कविराजः तथा निर्भयराजस्य उपाध्यायः बालकविः इति परम्परया अस्य आत्मा माहात्म्यम् आरूढः।

व्याख्या—कविषु राजते इति कविषु राजा वेति कविराजः कविशिरोमणिः, तथा निर्भयराजस्य महेन्द्रपालस्य उपाध्यायः गुरुः, बालकविः अभिनवकविः एवंप्रकारेण अस्य राजशेखरस्य आत्मा परम्परया माहात्म्यमारूढः महिमानं प्राप्तः। राजशेखरः स्वयमात्मश्लाघां नाकरोत्, अपराजितनाम्ना कविना अस्य माहात्म्यं कीर्तितं तदेवात्र प्रशस्यते।

अन्वयः—अस्य स श्रीराजशेखरः कविः, यस्य निष्कलङ्काः गुणाः हरिणाङ्कप्रतिपङ्क्तिसिद्ध्या त्रिभुवनमपि धवलयन्ति।

व्याख्या—अस्य सट्टकस्य रचयिता स प्रसिद्धः श्रीराजशेखरः, यस्य विमलाः गुणाः चन्द्रप्रतिकूलतया भुवनत्रयमपि स्पर्धेरिद्ध्या धवलयन्ति चन्द्रस्तु सकलङ्कः

पारि०—सुनो, मृगाङ्कलेखा नामक कथा के लेखक तत्कालीन अपराजित कवि ने इसका वर्णन किया ही है। जैसेः—

बालकवि, कवियों में शिरोमणि एवं निर्भयराज महेन्द्रपाल का गुरु—इस प्रकार (गुरुशिष्य) की परम्परा से राजशेखर ने स्वयं बड़प्पन पाया॥ ९॥

इस सट्टक के लेखक श्रीराजशेखर कविराज हैं, जिनके निष्कलङ्क गुणों से त्रिभुवन

सूत्रधारः—ता केण समादिट्ठा पउंजध ? (तत् केन समादिष्टाः प्रयुङ्ग्ध्वम् ?)

पारिपार्श्विकः—

चाउहाणकुलमौलिआलिआ राअसेहरकइंदगेहिणी।
भत्तुणो किदिमवंतिसुंदरी सा पउंजइदुमेदमिच्छदि ॥११॥
(चाहुवानकुलमौलिमालिका राजशेखरकवीन्द्रगेहिनी।
भर्त्तुः कृतिमवन्तिसुन्दरी सा प्रयोजयितुमेतदिच्छति ॥११॥)

किंच—

चंदपालधरणीहरिणंको चक्कवट्टिपअलाहणिमित्तं।
एत्थ सट्टअवरे रससोत्ते कुंतलाहिवसुदं परिणेदि ॥१२॥
(चन्द्रपालधरणीहरिणाङ्कश्चक्रवर्त्तिपदलाभनिमित्तम्।
अत्र सट्टकवरे रसस्रोतसि कुन्तलाधिपसुतां परिणयति ॥१२॥)

केवलं भूतलमेव प्रकाशयति, राजशेखरस्य तु चरितं कलङ्करहितं त्रिभुवनप्रकाशकं चेति। चन्द्रादुपमानाद्राजशेखरस्योपमेयस्याधिक्यं वर्णितम्, तेनात्र व्यतिरेकालङ्कारः।

व्याख्या—चाहुवानकुलस्य विख्यातक्षत्रियवंशस्य मौलिमालिका शिरोमाल्यभूता कुलालङ्कारभूता, राजशेखरकवीन्द्रस्य गेहिनी भार्या या अवन्तिसुन्दरी नाम सा स्वभर्तुः राजशेखरस्य कृतिम् एतत् कर्पूरमञ्जरीनामसट्टकं नाट्येन प्रदर्शयितुमिच्छति। कवेरेव भार्या एतस्य प्रयोजिकेति भावः॥ ११॥

व्याख्या—चन्द्रपाल एव धरणीहरिणाङ्कः भूचन्द्रः चक्रवर्तिपदस्य लाभाय

उज्ज्वल हो रहा है। चन्द्रमा तो केवल एक भूतल को ही प्रकाशित करता है, ये तो तीनों लोकों में प्रसिद्ध हैं।

सूत्र०—किसकी आज्ञापाकर तुमलोग (इसका) प्रयोग (अभिनय) कर रहे हो।

चौहान कुल में उत्पन्न हुई, राजशेखर कवीन्द्र की पत्नी अवन्ति सुन्दरी अपने पति की इस रचना का अभिनय कराना चाहती है॥ ११॥

और भी—पृथिवी का चन्द्रमा राजा चन्द्रपाल चक्रवर्तीपद की प्राप्तिके लिये

ता भाव ! एहि, अणंतरकरणिज्जं संपादेम्ह, जदो महा-राअदेईणं भूमिअं घेत्तूण अज्जो अज्जभारिआ अ जवणिअं-तरे वट्टदि। (तत् भाव ! एहि, अनन्तरकरणीय सम्पादयावः, यतो महाराजदेव्योर्भूमिकां गृहीत्वा आर्य आर्यभार्या च जवनिकान्तरे वर्त्तते।)

[इति परिक्रम्य निष्क्रान्तौ]

[प्रस्तावना]

[ततः प्रविशति राजा देवी विदूषको विभवतश्च परिवारः।
सर्वे परिक्रम्य यथोचितमुपविशन्ति]

राज—देवि दक्खिणावहणरिंदणंदिणि ! वड्ढावीअसि

अस्मिन् रसानां शृङ्गारादीनां जलानां च स्रोतसि प्रवाहभूते सट्टकवरे श्रेष्ठनाटके कुन्तलाधिपस्य सुतां कर्पूरमञ्जरीं परिणयति तया सह विवाहसम्बन्धं करोति॥ १२॥

शृङ्गारादि रसों के सोतास्वरूप इस सट्टक में कुन्तल देश चे अधीश की कन्या कर्पूरमंजरी के साथ विवाह सम्बन्ध कर रहा है॥ १२॥

श्रीमन्! चलें आगे का काम करें, क्योंकि महाराज और देवी की भूमिका में आपको और आपकी धर्मपत्नी को जवनिका के अन्दर तैयार होना है।

(इस तरह घूमकर निकल जाते हैं)

(प्रस्तावना)

(तब राजा, रानी, विदूषक और अपने-अपने पद के अनुसार परिचर रङ्गमञ्च पर आते हैं। सब घूमकर उचित स्थानों पर बैठ जाते हैं।)

राजा—**देवि ! दक्षिण देश के राजा की पुत्रि ! इस वसन्त की शोभा से तो तुम**

टिप्पणी—भूमिका-नाटकीय पात्र, वेशभूषा। प्रस्तावना-प्रस्तूयते प्रकर्षेण सूच्यते कथावस्तु अनया-प्रस्तावना-जिसके द्वारा प्रकृष्ट रूप से नाटक की कथावस्तु की सूचना मिले। नटी, विदूषक और पारिपार्श्विक इत्यादि सूत्रधार के साथ मिलकर तरह तरह के प्रासङ्गिक वाक्यों द्वारा जहाँ प्रस्तुत वस्तु की सूचना देते है, उसे प्रस्तावना या आमुख कहते हैं। यहाँ प्रस्तावना में यह सूचना दी गई कि कर्पूरमञ्जरी नामक सट्टक का अभिनय होगा, चन्द्रपाल राजा इसका नायक है, कर्पूरमञ्जरी इसकी नायिका है और शृङ्गार रस इसमें मुख्यतया है तथा उनके विवाह की कथा इसमें बतलाई जायगी।

इमिणा वसंतारंभेण। (देवि दक्षिणापथनरेन्द्रनन्दिनन्दिनि ! वर्द्धसेऽनेन वसन्तारम्भेण।) जदो (यतः)—

बिंबोट्ठे बहलं ण देंति मअणं णो गंधतेल्लाविला
वेणीआ विरअंति देंति ण तहा अंगम्मि कुप्पासअं।
जं बाला मुहकुंकुमम्मि वि घणे वट्टंति ढिल्लाअरा
तं मण्णे सिसिरं विणिज्जिअ बला पत्तो बसंतूसओ ॥१३॥

(बिम्बोष्ठे बहलं न ददति मदनं नो गन्धतैलाविला
वेणीर्विरचयन्ति ददति न तथाऽङ्गेऽपि कूर्पासकम्।
यत् बाला मुखकुङ्कुमेऽपि घने वर्त्तन्ते शिथिलादराः
तन्मन्ये शिशिरं विनिर्जित्य बलात् प्राप्तो वसन्तोत्सवः ॥१३॥)

अन्वयः—बालाः बिम्बोष्ठे बहलं मदनं न ददति, गन्धतैलाविलाः वेणीः ना विरचयन्ति तथा अङ्गे कूर्पासकम् अपि न ददति, यत् घने मुखकुङ्कुमे अपि शिथिलादराः वर्तन्ते तत् शिशिरम् बलात् विनिर्जित्य वसन्तोत्सवः प्राप्तः, (इति) मन्ये।

व्याख्या—बालाः षोडशवर्षीयाः कुमार्यः बिम्बोष्ठे बिम्बसदृशे ओष्ठे शीतजनितव्रणापनयनार्थम् बहलं समधिकं मदनं विलेपनविशेषं न प्रयुञ्जन्ति, गन्धतैलेन सुगन्धिततैलेन आविलाः सम्पृक्ताः वेणीः केशपाशान् नो विरचयन्ति बध्नन्ति तथा अङ्गे कूर्पासकम् चेलिकामपि न परिदधति, यत् यतः घने गाढे मुखकुङ्कुमे मुखरागे अपि शिथिलादराः निष्प्रयत्नाः वर्तन्ते, तत् तस्मात् शिशिरम् बलात् शक्त्या विनिर्जित्य जित्वा वसन्तोत्सवः वसन्तर्तुमहोत्सवः प्राप्तः समुपागतः इति मन्ये सम्भावयामि ॥ १३ ॥

बड़ी प्रसन्न मालूम होती हो। क्योंकिः—

बालायें—ओठों पर विलेपन (क्रीम) का अधिक प्रयोग नहीं करती हैं, सुगन्धित तैल से अपने केशपाशों का शृङ्गार नहीं करती हैं तथा अपने शरीर पर चोली तक नहीं पहिनती हैं और वस्त्र का तो कहना ही क्या मुख पर कुङ्कुम राग तक लगाने का ध्यान नहीं है। इस कारण मैं समझता हूँ कि शीत ऋतु को जीतकर वसन्त ऋतु का महोत्सव उपस्थित है ॥ १३ ॥

देवी—देव ! अहं वि तुज्झ पडिबद्धाविआ भविस्सं ।
(देव ! अहमपि तव प्रतिबद्धिका भविष्यामि)

जधा (यथा)—

छल्लंति दंतरअणाइं गदे तुसारे
ईसीसि चंदनरसम्मि मणः कुणंति ।
एण्हिं सुवंति घरमज्झमसालिआसु
पाअंतपुंजिअपडं मिहुणाइं पेच्छ ॥ १४ ॥

(स्फुरन्ति दन्तरत्नानि गते तुषारे
ईषदीषच्चन्दनरसे मनः कुर्वन्ति ।
इदानीं स्वपन्ति गृहमध्यमशालिकासु
पादान्तपुञ्जितपटं मिथुनानि प्रेक्षस्व ॥ १४ ॥)

